# दिल्ली हाट से लेकर सूरजकुंड तक बजेगा यूपी का डंका

योगेश शर्मा

नोएडा। एक जनपद-एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना के तहत मेलों के जरिये देश-विदेश के खरीदारों तक यूपी के उत्पाद पहुंचाने की तैयारी पूरी हो गई है। नोएडा के शिल्प हाट से इसकी शुरुआत हो चुकी है। अब 1 से 15 फरवरी के बीच दिल्ली हाट से लेकर हरियाणा के सूरजकुंड और गुजरात के अहमदाबाद में आयोजित होने जा रहे राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मेलों में यूपी के खास उत्पादों का डंका बजेगा। लखनऊ की चिकनकारी, वाराणसी की साड़ी, बलिया की बिंदी, चित्रकूट के खिलौने, मेरठ की खेल सामग्री से लेकर गौतमबुद्ध नगर के रेडीमेड गारमेंट का जलवा इन मेलों में देखने को मिलेगा।

सेक्टर-33 स्थित शिल्प हाट में आयोजित शिल्पोत्सव में ओडीओपी योजना के तहत 50 स्टॉल लगाए गए हैं, जिनमें राज्य के अलग-अलग जिलों की विशेषताओं पर आधारित 28 उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई है। सिटी ऑफ अपैरल के नाम से पहचान बना चुके नोएडा की गारमेंट इकाइयों के 12 स्टॉल यहां लगे हैं। ओडीओपी उत्पादों को इस मेले में काफी सराहा जा रहा है। अब इन उत्पादों की झलक 1 से 15 फरवरी के बीच देखने को मिलेगी। शनिवार को नोएडा पहुंचे उत्तर प्रदेश ट्रेड प्रमोशन अथॉरिटी (यूपीटीपीए) के सीईओ मनीष चौधरी ने बताया कि ओडीओपी के तहत राज्य के 54 उत्पादों को विशेष श्रेणी में रखा गया है। दिल्ली हाट में 118 स्टॉल पर इन उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

सेक्टर-33 में जानकारी देते यूपीटीपीए के सीईओ मनीष चौधरी व अन्य।

## ओडीओपी योजना के तहत मेलों के जरिये देश-विदेश तक पहुंचेंगे यूपी के उत्पाद

### नोएडा से हुई शुरुआत, फरवरी में दिल्ली, लखनऊ, हरियाणा व गुजरात की बारी

इसके अलावा फरीदाबाद के सूरजकुंड में लगने वाले अंतरराष्ट्रीय हस्तशिल्प मेले में 100 स्टॉल लगाए जाएंगे।

लखनऊ में 5 से 8 फरवरी के बीच आयोजित होने जा रहे डिफेंस एक्सपो में 75 स्टॉल लगाने के लिए 4 हजार वर्गमीटर जगह मिल गई है। साथ ही, अहमदाबाद में एनुअल शॉपिंग मेगा फेस्टिवल में 50 स्टॉल लगेंगे। उपायुक्त उद्योग अनिल कुमार ने बताया कि ओडीओपी योजना को अलग पहचान मिल रही है।

## शिल्प हाट देगा दिल्ली हाट को टक्कर

सीईओ मनीष चौधरी ने बताया कि दिल्ली-एनसीआर के हस्त शिल्पियों के लिए फिलहाल दिल्ली हाट का ही विकल्प है, लेकिन नोएडा का शिल्प हाट दिल्ली हाट को टक्कर देगा। दिल्ली हाट से ज्यादा स्टॉल और पार्किंग स्पेस यहां है। प्राधिकरण और एमएसएमई विभाग मिलकर एक योजना बना रहा है। अगले एक महीने में ट्रेड प्रमोशन अथॉरिटी व शिल्प हाट की देखरेख कर रही आईटीई कंपनी के बीच समझौता होने जा रहा है। समझौते के तहत ओडीओपी के 50 स्टॉल स्थायी रूप से यहां लगाए जाएंगे। यूपीटीपीए प्रदेश के शिल्पियों को यहां अपने उत्पादों की प्रदर्शनी लगाने के लिए निशुल्क स्थान मुहैया कराएगी। 12 महीने राज्य के अलग-अलग जिलों के खास उत्पादों की खरीदारी यहां से की जा सकेगी।

## ऑनलाइन खरीदें यूपी के उत्पाद

यूपीटीपीए ने फ्लिपकार्ट, अमेजन और अलीबाबा जैसी ई-कॉमर्स साइटों से समझौता कर ओडीओपी के उत्पादों की ऑनलाइन बिक्री का मौका दिया है। यूपी के सिद्धार्थ नगर जिले का काला नमक चावल और चित्रकूट के लकड़ी के खिलौनों को भी इन शॉपिंग साइटों से देश-विदेश में पहचान मिली है। साथ ही, ओडीओपी के उत्पादों को इन साइटों पर अच्छा रिस्पांस मिल रहा है।